RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 19 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 121 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

जे.जे अस्पताल से फरार बांग्लादेशी महिला आरोपी मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़ी...



Page - 2


# मुंबई में भारी बारिश का तांडव !

**सड़कें बनीं तालाब...**

## मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र भारी बारिश... 7 जिलों के लिए रेड अलर्ट!

## स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी, मौसम विभाग का ताजा पूवार्नुमान क्या ?

**मुंबईः** जून और जुलाई में महाराष्ट्र से गायब हुई बारिश अगस्त से जोरदार हो रही है और राज्य के ज्यादातर जिलों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। इसके



कारण कोंकण और मराठवाड़ा जिलों में बाढ़ आ गई है और भारी नुकसान हुआ है।इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों के लिए मौसम का पूवार्नुमान जारी किया है और मुंबई समेत राज्य के सात जिलों के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके बाद महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। वहीं बृहन्मुंबई महानगर पालिक (बीएमसी) ने भी लोगों से अपील की है कि वे केवल आवश्यक कार्य के लिए ही घरों से बाहर निकलें।

भारी बारिश के बाद अलग-अलग इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया। अंधेरी सबवे, लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स जैसे कुछ निचले इलाकों में कहीं-कहीं पानी जमा हो गया। इससे ट्रैफिक प्रभावित हुआ। आईएमडी ने अपने ताजा बुलेटिन में मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों में




अगले दो दिनों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। अंधेरी सबवे की दोनों लेन बंद जलभराव के कारण अंधेरी सबवे की दोनों लेन वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गईं। मुंबई यातायात पुलिस ने बताया कि यातायात ठाकरे ब्रिज और गोखले ब्रिज से होकर निकाला जा रहा है।

**भारी बारिश के बीच लोगों से अपील**

मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शहर में भारी बारिश को देखते हुए नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पुलिस आयुक्त ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि प्रिय मुंबईवासियो, बारिश से कई इलाकों से पानी भरने और दृश्यता कम होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। कृपया गैर-जरूरी यात्रा से बचें, अपने सफर की योजना सावधानी से बनाएं, और केवल जरूरी होने पर ही बाहर निकलें। हमारे अधिकारी और कर्मचारी हाई अलर्ट पर हैं और सहायता के लिए तैयार हैं। किसी भी आपात स्थिति में कृपया पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर पर कॉल करें। आपकी सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

### किन इलाकों में बारिश का रेड अलर्ट

**मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी, पुणे जिले के घाट इलाके, सतारा जिले के घाट इलाके, कोल्हापुर जिले के घाट इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच मुंबई रीजन में भारी बारिश की संभावना है। यह पूवार्नुमान पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए है। यह अपडेट आईएमडी की कोलाबा वेधशाला की ओर से 18 अगस्त को सुबह 11:30 बजे जारी किया गया।**

### बीएमसी के सभी स्कूल बंद !

मुंबई में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में दूसरी पाली (दोपहर 12 बजे के बाद) में अवकाश घोषित कर दिया। बीएमसी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सुबह से लगातार हो रही बारिश को देखते हुए और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए, नगर आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी ने मुंबई के सभी स्कूलों और कॉलेजों में सोमवार 18 अगस्त को दूसरी पाली यानी दोपहर 12 बजे के बाद अवकाश घोषित कर दिया।

### मुंबई लोकल सेवा पर असर

**अधिकारियों और यात्रियों के अनुसार, महानगर की जीवन रेखा मानी जाने वाली उपनगरीय रेल सेवाएं आठ से 10 मिनट के विलंब से चल रही हैं और किसी भी सेवा को स्थगित नहीं किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, हार्बर लाइन के कुछ निचले इलाकों में पटरियों पर पानी भरने और कुर्ला और तिलक नगर स्टेशन के बीच पटरियां बदलने वाले 'पॉइंट' के खराब होने के कारण सेंट्रल रेलवे मार्ग पर उपनगरीय सेवाएं प्रभावित हुईं।**



# यातायात पुलिस को चकमा देकर 'शराबियों' का यूटर्न, 300 से ज्यादा बियर बार, कार्रवाई केवल 30 पर

**मुंबईः** शराबी वाहन चालकों के कारण शहर में हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिएं यातायात पुलिस द्वारा ऑपरेशन यूटर्न की शुरूआत की गई है। पुलिस का मानना है कि ड्रंकन ड्राइव की कार्रवाई से सड़क




दुर्घटनाओं में कमी आएगी, जबकि कार्रवाई शुरू होने से पहले ही पिछले वर्ष की तुलना 22 प्रतिशत हादसे कम होने की जानकारी दी गई। पुलिस का ड्रंकन ड्राइव अभियान कुछ नया नहीं है। पुलिस पहले भी शराब पीकर वाहन चलाने वालें चालकों को पकड़ती थी। कोरोना के पहले तो पकड़े जाने वालों की संख्या काफी ज्यादा थी। महामारी फैलने के बाद ड्रंकन ड्राइव की कार्रवाई कम हो गई।

अब पुलिस ने दोबारा नई बोतल में पुरानी शराब डालकर ऑपरेशन यूटर्न शुरू किया है लेकिन पुलिस से ज्यादा 'शराबी' ऑपरेशन में सक्रिय दिख रहे हैं। पुलिस को देखते ही यूटर्न लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं। केवल सिटी की बात की जाए तो 300 से ज्यादा परमिट रूम (बियर बार) चल रहे हैं।

### पब से निकलने वालों पर कार्रवाई कब

**केवल शिवाजीनगर, गोकुलपेठ और धरमपेठ परिसर की बात की जाए तो यहां 10 पब लाउंज हैं। पूरा सप्ताह छोड़ भी दिया जाए तो वीकेंड पर सारे पबों में युवाओं का जमावड़ा होता है। यहां तक कि एंट्री के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ती है। बड़ी-बड़ी गाड़ियों में यहां युवा आते हैं। रात 1.30 बजे तक शराब पीकर डीजे की ताल पर थिरकते हैं। सवाल फिर वही उठता है कि इतनी बड़ी संख्या में जब यहां लोग आते हैं तो जाते भी अपने वाहनों पर होंगे लेकिन पब की संख्या जितनी भी कार्रवाई नहीं होती।**

### 2.8 किमी की सड़क किनारे 13 बार

**मानेवाड़ा रिंग रोड की बात करें तो तपस्या चौक से सुयोगनगर चौक के बीच की दूरी 2.8 किमी है। इस सीधी सड़क पर एक-दो नहीं बल्कि 13 बार हैं। सभी 13 बार कई वर्षों से चल रहे हैं। यहां भी रोजाना शराबियों की भीड़ होती है। वहीं म्हालगीनगर चौक से हुड़केश्वर तक महज 2 किमी की सड़क पर 17 बार हैं.। अब यहां भी बियर बार की संख्या जितने भी शराबी पुलिस के हाथ नहीं लगते। यहां तक कि सिविल लाइंस परिसर में भी बार, लाउंज और क्लब की संख्या कम नहीं है। अमूमन शहर की सभी मुख्य सड़कों के बाजू में बियर बार बड़ी संख्या में हैं तो फिर शराबी पुलिस के हाथ क्यों नहीं लग रहे? यह बड़ा सवाल है।**

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### प्रासंगिकता का ऑडिट...

सार्वजनिक क्षेत्र में अप्रासंगिक होते संस्थान या उपक्रम अगर पहचान लिए जाएं, तो राज्य के बजट में गंभीरता भी जुड़ जाएगी। हिमाचल में शिक्षा क्षेत्र का अप्रासंगिक चेहरा अब तक कई स्कूल-कालेजों की कलई खोल चुका है, तो इस प्रक्रिया की ईमानदारी में हर विभाग को अपनी फिजूलखर्ची रोकनी चाहिए। हम इसे कतरब्यौंत समझते हैं जबकि सार्वजनिक क्षेत्र का अप्रासंगिक चेहरा हटाने में ही राज्य की भलाई है। इसका एक कारण यह भी है कि जहां निजी क्षेत्र की भूमिका अंगीकार हुई, वहां सरकारी संस्थान हिलने लगे हैं। अभी तक कोशिश यह रही कि सरकारी क्षेत्र को आगे बढ़ा सिखाया जाए, लेकिन लाव लश्कर के सहारे चलने वाली व्यवस्था को कहां मंजूर कि संभल के चला जाए। यहां शिक्षण संस्थान बनाम सरकारी बसों की परख करें, तो न योग्यता, न सुविधा और न ही सेवा भाव दिखाई देता है। बसें रूट बदल कर चलाई तो जा सकती हैं, लेकिन प्रासंगिक होने के लिए निजी क्षेत्र से बहुत कुछ सीखना पड़ेगा। दिल्ली को हिमाचल के विभिन्न भागों से जोड़ती निजी वोल्वो बसों के सामने हिमाचल को दिल्ली से जोड़ती सरकारी बसों के बीच आखिर मुकाबला तो ह्यसेवा और सुविधाह्ल का ही है। प्रदेश में दो दर्जन नई वोल्वो भी अगर प्रासंगिकता के संघर्ष में टिकट नहीं बेच पा रहीं, तो समझना होगा कि अब परिवहन क्षेत्र में कितना बदलाव आ चुका है। था एक वक्त जब चंडीगढ़ तक की बस सेवा में एचआरटीसी का एकमात्र रूट परिवहन का स्वामी बन जाता था। अब स्वामी तो यात्री है। क्या एचआरटीसी सीधे यात्रियों को संबोधित कर पा रही है। क्या बस डिपो इस दृष्टि से खोले कि यात्री सीधे संबोधित किए जा सकें। यही अंतर है जो निजी बसों को बस डिपो में नहीं, सेवा और सामर्थ्य में बेहतर बनाता है। ऐसे में परिवहन निगम को आधे से ज्यादा डिपो बंद करके चंडीगढ़ और दिल्ली में स्वतंत्र डिपो खोलने चाहिएं। दिल्ली और चंडीगढ़ के बस डिपो से बसें अगर हिमाचल के विभिन्न भागों को चलेंगी, तो प्रासंगिकता पैदा होगी। इसी तरह डिपो के बजाय प्रमुख रूटों पर चंडीगढ़ से पहले और चंडीगढ़ से आगे एचआरटीसी को फूड मार्ट विकसित करने चाहिएं, वरना ढाबा नीति तो पहले भी बनती रही। प्रासंगिकता हिमाचल के हर दफ्तर और दफ्तर के कार्यक्षेत्र को भी निभानी होगी। अगर प्रदेश में आठ नगर निगम बन गए, तो अब पुलिस के भी आयुक्तालय बनाने पड़ेंगे।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : 20 अगस्त तक भारी बारिश; मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में लगातार रातभर हुई बारिश के बाद सोमवार को भी भारी बरसात का सिलसिला जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि महाराष्ट्र के रायगढ़, रत्नागिरी, सातारा, कोल्हापुर और पुणे जिले के लिए रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मुंबई में सोमवार को बारिश से जुड़ी कई घटनाएं हुईं। इनमें शॉर्ट सर्किट, पेड़ या शाखाएं गिरना और दीवार गिरने की घटनाएं शामिल हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। वहीं रविवार शाम को दक्षिण मुंबई के प्रभु गली में एक दो मंजिला इमारत की सीढ़ी का हिस्सा गिर गया।

**कहां कितनी बारिश**

बीएमसी की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक द्वीप शहर में औसतन 23.81 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 25.01 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 18.47 मिमी बारिश हुई। कुछ जगहों पर 40-45 मिमी बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के बावजूद, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार सुबह तक बारिश की तीव्रता में कमी की सूचना दी। हल्की बारिश और कभी-कभी भारी बारिश हुई। हालांकि, सेंट्रल रेलवे पर लोकल ट्रेनें सोमवार सुबह थोड़ी देरी से चलीं, लेकिन अधिकारियों ने देरी का कारण नहीं बताया।

**20 अगस्त तक भारी बारिश का अनुमान**

मुंबई के साथ-साथ, आईएमडी ने आज दहानू, विक्रमगढ़, अलीबाग, रायगढ़ रिजर्व, श्रीवर्धन, हरनाई, दापोली, रत्नागिरी, विजयदुर्ग, देवगढ़, मितभाव बीच, सिंधुदुर्ग, मालवन, श्रीरामवाड़ी, वेंगुरला और सावंतवाड़ी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई में 20 अगस्त तक भारी से बहुत भारी बारिश होगी। आईएमडी के शहरवार पूवार्नुमान के अनुसार, शहर में 23 अगस्त तक हल्की बारिश जारी रहेगी। आज, मुंबई का अधिकतम तापमान 26.5त्ड और न्यूनतम तापमान 24त्ड के आसपास रहेगा।

**मौसम विभाग ने जारी किया था रेड अलर्ट**

आईएमडी ने शनिवार को मुंबई को रेड अलर्ट पर रखा था, जहां कुछ इलाकों में 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। शहर में रात भर हुई बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया और लोकल ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। शनिवार को पूर्वी उपनगरों के विक्रोली पार्कसाइट इलाके में बारिश के बीच हुए भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मध्य और पश्चिमी रेलवे लाइनों पर कई स्थानों पर पटरियों पर जलभराव के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं।

# लातूर : तहसीलदार ट्रांसफर के बाद आयोजित विदाई समारोह में बॉलीवुड गाना गाने पर सस्पेंड



**लातूर :** नंदेड जिले के उमरी तहसीलदार प्रशांत थोराट को उनके ट्रांसफर के बाद आयोजित विदाई समारोह में बॉलीवुड गाना गाने पर सस्पेंड कर दिया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। वायरल वीडियो में थोराट को अपने आधिकारिक कुर्सी पर बैठकर 1981 की अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म 'याराना' का गीत 'यारा तेरी यारी को' गाते हुए देखा गया। उनके आसपास उपस्थित लोग तालियों की आवाज में उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए। वीडियो में पीछे लगी बोर्ड पर 'तालुका मजिस्ट्रेट' लिखा हुआ था।थोराट को उमरी से लातूर जिले के रेनापुर में ट्रांसफर किया गया था। उमरी तहसील कार्यालय में उनके लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने किशोर कुमार का गाना प्रस्तुत किया। हालांकि, यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवादित हो गया। कई लोगों ने इसे सरकारी पद पर बैठने वाले अधिकारी के लिए अनुचित व्यवहार बताया। इस मामले की जानकारी मिलते ही नंदेड कलेक्टर ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया कि थोराट के व्यवहार ने प्रशासन की छवि को नुकसान पहुंचाया और यह महाराष्ट्र सिविल सर्विसेज (कंडक्ट) रूल्स, 1979 का उल्लंघन है।छत्रपति संभाजीनगर स्थित राजस्व विभाग के विभागीय आयुक्त जितेंद्र पपलकर ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए थोराट को शनिवार को निलंबित कर दिया।

इस घटना ने महाराष्ट्र प्रशासन में सख्ती और जिम्मेदारी की उम्मीदों पर सवाल खड़े कर दिए हैं, और सोशल मीडिया पर भी अधिकारियों के व्यवहार को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।मुख्य कीवड्र्स: प्रशांत थोराट, तहसीलदार, महाराष्ट्र, लातूर, निलंबन, विदाई समारोह, यारा तेरी यारी को, सोशल मीडिया वायरल, उमरी तहसील, राजस्व विभाग, सिविल सर्विसेज रूल्स, नंदेड।अगर चाहो तो मैं इसे 200 शब्दों के अंदर और ज्यादा संक्षिप्त और तेज खबर के रूप में भी बना सकता हूँ।

# जे.जे अस्पताल से फरार बांग्लादेशी महिला आरोपी मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़ी...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पासपोर्ट एक्ट और फॉरेनर्स एक्ट समेत कई धाराओं में आरोपी बांग्लादेशी महिला नाजे बुखांरा इरशाद शेख (उम्र 21 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला आरोपी वाशी पुलिस थाने (नवी मुंबई) के गुन्हा रजि. क्र. 54/2025 में भी वांछित थी। इस मामले में उस पर भारतीय दंड संहिता की धाराएं 398(2), 336(2), 336, 334(2), 340(2) तथा पासपोर्ट एक्ट की धारा 3अ, 6अ और फॉरेनर्स एक्ट की धारा 14अ के तहत केस दर्ज है।

15 अगस्त 2025 को आरोपी महिला को इलाज के लिए जे.जे. अस्पताल लाया गया था। सुबह करीब 11 बजे उसने पुलिस अमलदार को धक्का देकर अस्पताल से फरार हो गई। इस पर जे.जे. मार्ग पुलिस थाने में गुन्हा रजि. क्र. 368/2025, कलम 262 भा.द.स. के तहत केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने तीन दिनों तक गुप्त जानकारी और तकनीकी जांच के आधार पर महिला की तलाश की। अंततः 18 अगस्त 2025 को नवी मुंबई के तलासरी रोड, पनझारी इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस आयुक्त देवेन भारती, सह पुलिस आयुक्त सत्य नारायण चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अभिनव देशमुख, उपायुक्त डॉ. प्रवीण मुंडे, सहायक पुलिस आयुक्त मनोहर शेलके और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राकेश शेलके के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक प्रशांत नेवकर और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मुंबई में 40 से 50 मंजिल बड़ी इमारतें हैं, लेकिन इनमें कोई मराठी नजर नहीं आता है - शरद पवार



**मुंबई:** महाराष्ट्र में इस साल के अंत में स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं। इनमें मुंबई के बहुप्रतीक्षित बीएमसी चुनाव भी शामिल हैं। चुनावों से पहले राज्य में मराठी अस्मिता का मुद्दा तूल पकड़े हुए है। इसी मुद्दे पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की उम्मीद जताई जा रही है। महाराष्ट्र में हिंदी मराठी भाषा विवाद के बाद अब शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि मुंबई में 40 से 50 मंजिल बड़ी इमारतें हैं, लेकिन इनमें कोई मराठी नजर नहीं आता है। उन्होंने कहा कि मुंबई में टेक्सटाइल मिलें खत्म हो चुकी हैं। उनके इस बयान को मराठी कार्ड के तौर पर देखा जा रहा है।

**अब नजर नहीं आते हैं**

पुणे में किशोर पवार की जन्म शताब्दी पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बोलते हुए पवार ने मिल कामगारों समेत कई मुद्दों पर बात की। शरद पवार ने कहा कि एक समय मुंबई में मिल कामगारों का बोलबाला हुआ करता था लेकिन आज वे नजर नहीं आते हैं। पवार ने कहा कि कभी मुंबई में कामगारों का बोलबाला था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा से राज्य में कामगारों की समस्याओं को उठाने का प्रयास किया। सहकारी शक्कर कारखानों के कामगारों की समस्याओं को भी हल करने का प्रयास किया। इस दौरान बड़े पवार ने भारतीय राजनीतिज्ञ और श्रमिक संघ किशोर पवार के योगदान की काफी सराहना की। मुंबई में मराठियों की कमी के उनके बयान के अलग-अलग निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।

**इसी साल होने हैं चुनाव**

महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। इसमें महायुति के गठबंधन के साथ महाविकास आघाड़ी के घटक दलों के बीच कई जगह पर फ्रेंडली फाइट होने की बात कही जा रही है। मुंबई में बीएमसी चुनाव स्थानीय निकाय चुनावों के अंतिम चरण में होने क संभावना है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पहले से ही मराठी मुद्दों को उठा रहे हैं। अब शरद पवार के बयान ने नई हलचल मचा दी है, हालांकि कुछ राजनीतिक प्रेक्षक इसे सीनियर लीडर की चिंता के तौर पर देख रहे हैं।

# मुंबई : चीरा बाजार में टल गया बड़ा हादसा! दो मंजिला पुरानी इमारत की सीढ़ियां अचानक ढह गईं



**मुंबई** : दक्षिण मुंबई के भीड़भाड़ वाले इलाके चीरा बाजार में रविवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया. शाम करीब 7:30 बजे प्रभु गली स्थित दो मंजिला पुरानी इमारत की सीढ़ियां अचानक ढह गईं. इस इमारत में कुल 17 किरायेदार अपने परिवारों के साथ रहते हैं. गनीमत रही कि समय रहते सभी निवासियों को दमकल विभाग और स्थानीय नागरिकों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. सूचना मिलते ही शाखा प्रमुख निलेश भोईटे, प्रभाग प्रमुख दिलीप नाइक, युवा सेना कार्यकारिणी सदस्य रुचि वाडकर और उप-शाखा प्रमुख कार्तिक नंदोला तुरंत मौके पर पहुंचे.

उन्होंने निवासियों को आश्वस्त करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी. इमारत की जर्जर स्थिति को देखते हुए, म्हाडा के कार्यकारी अभियंता बिराजदार के साथ चर्चा की गई और सभी प्रभावित परिवारों के लिए संक्रमणकालीन शिविर में रहने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है. यह व्यवस्था सोमवार सुबह से लागू होने की संभावना है. स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ता जीतेंद्र दगड़े, जो स्वयं दक्षिण मुंबई की एक पगड़ी इमारत में रहते हैं, ने भी मौके पर आकर निवासियों को सहयोग दिया. उन्होंने बताया कि यह इमारत चार दशक से अधिक पुरानी है और लंबे समय से जर्जर हालत में है.

बावजूद इसके, रखरखाव और मरम्मत के अभाव में लोग यहाँ रहने को मजबूर हैं. उन्होंने कहा कि मुंबई में हजारों पगड़ी और चॉल टाइप इमारतें हैं जो इसी तरह खस्ताहाल स्थिति में खड़ी हैं और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही हैं. इस घटना ने एक बार फिर दक्षिण मुंबई की पुरानी इमारतों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. हर साल मॉनसून में कई जर्जर इमारतें ढहने या दरारें आने की घटनाएँ सामने आती हैं. बीएमसी और म्हाडा समय-समय पर नोटिस जारी करती हैं, लेकिन किरायेदार और मालिकों के बीच कानूनी विवाद, पुनर्विकास की धीमी प्रक्रिया और वैकल्पिक व्यवस्था की कमी के चलते समस्या जस की तस बनी रहती है. हालांकि, राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई.

## कई इलाकों में जलभराव; लंबा ट्रैफिक... सड़कें बन चुकी हैं तालाब



**मुंबई** : देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में लगातार तीसरे दिन भी तेज बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग ने मुंबई समेत आसपास के जिलो में भारी बरसात का रेड अलर्ट जारी किया है।पिछले तीन दिन से मुंबई में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालांकि, मुंबई को अभी बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

बारिश की वजह से मुंबई के कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे कई किलोमीटर का लंबा ट्रैफिक देखने को मिल रहा है। मुंबई में सड़कें तालाब बन चुकी हैं। खासकर शहर के दो सबसे व्यस्त इलाके अंधेरी सबवे, कुर्ला और लोखंडवाला में भारी मात्रा में पानी भरने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है।

# मुंबई : गणेश भक्तों का उत्साह चरम पर, मुंबई की बारिश हुई बेअसर...



**मुंबई** : गणेश चतुर्थी का पर्व नजदीक आते ही पूरे शहर में भक्ति और उल्लास का माहौल दिखाई देने लगा है. भारी बारिश के बावजूद, गणपति बप्पा की मूर्तियां परेल कार्यशाला से निकलकर शहर के विभिन्न मंडलों के पंडालों तक पहुंच रही हैं. रविवार को कई गणेश मंडल और भक्तगण अपने-अपने पंडालों के लिए बप्पा की प्रतिमाएं लेकर निकलते दिखाई दिए. परेल कार्यशाला, जो मुंबई में गणेश मूर्तियों के निर्माण का प्रमुख केंद्र है, इन दिनों भक्तों से गुलजार है. यहां से हर साल हजारों मूर्तियां निकलकर मुंबई और उपनगरों के अलग-अलग गणेश मंडलों में जाती हैं. इस बार भी, बारिश की रुकावटों के बावजूद, भक्तों के चेहरों पर उत्साह और आस्था की चमक साफ नजर आई. बड़े-बड़े ट्रक और हाथगाड़ियां रंग-बिरंगी सजावट से सजी मूर्तियों को लेकर जब परेल से रवाना हुईं, तो भक्तों के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा–''गणपति बप्पा मोरया, मंगलमुर्ती मोरया!''

तेज बारिश से सड़कों पर जगह-जगह पानी जमा हो गया है, जिससे मूर्तियों को पंडालों तक ले जाने में काफी दिक़्क़तें आ रही हैं. बावजूद इसके, न तो मंडलों का उत्साह कम हुआ और न ही श्रद्धालुओं की आस्था डगमगाई. जगह-जगह ढोल-ताशों की थाप और नाचते-गाते गोविंदाओं की टोली ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया. दस दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में लाखों भक्त गणपति बप्पा के दर्शन के लिए पंडालों में उमड़ेंगे.

## मुंबई : भारी बारिश के कारण सीएसएमआईए हवाई अड्डे पर उड़ानें प्रभावित

**मुंबई** : लगातार तीसरे दिन भारी बारिश के कारण शहर में और भी व्यवधान देखने को मिले, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर हुई देरी भी शामिल है। खराब मौसम के कारण कई उड़ानें प्रभावित हुईं, कुछ को वापस लौटना पड़ा और एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। उड़ानों में औसतन लगभग 56 मिनट की देरी दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दृश्यता कम हो गई और पहुँच मार्गों पर भीड़भाड़ बढ़ गई, जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को असुविधा हुई।

## कल्याण : सड़क दुर्घटना में 21 दिनों तक अस्पताल में ज़िंदगी और मौत से जूझने के बाद व्यक्ति की मौत

**कल्याण** : डोंबिवली के कल्याण-शील रोड पर एक सड़क दुर्घटना में 21 दिनों तक अस्पताल में ज़िंदगी और मौत से जूझने के बाद, कल्याण निवासी 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याण पश्चिम के रामबाग इलाके में रहने वाले रोहन शिंगारे के रूप में हुई है। यह दुर्घटना 23 जुलाई की सुबह हुई, जब शिंगारे अपनी मोटरसाइकिल से वाशी में काम पर जा रहे थे।

जैसे ही वह गैलेक्सी फर्नीचर और पिंपलेश्वर होटल के पास पहुँचे, एक तेज रफ़्तार ट्रक ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। हालाँकि उनके हेलमेट ने उनके सिर पर गंभीर चोट नहीं लगने दी, लेकिन उनका बायाँ हाथ ट्रक के पहिये के नीचे फँस गया और वह कुछ दूर तक घसीटते हुए चले गए।

## मुंबई : कारोबार बढ़ाने के लिए लोन देने का वादा; व्यापारी से ₹29 लाख की ठगी

**मुंबई** : मलाड के एक व्यापारी से तीन लोगों ने कथित तौर पर ₹29 लाख की ठगी की। इन लोगों ने उसे कारोबार बढ़ाने के लिए लोन देने का वादा किया और ₹1 करोड़ के लोन की प्रोसेसिंग के लिए रकम की मांग की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के निदेर्शानुसार विभिन्न खातों में भुगतान करने के बाद, व्यापारी से संपर्क नहीं हो पाया।

पुलिस के अनुसार, मलाड निवासी शिकायतकर्ता नरपतराम भूपराम देवासी का नकली गहनों की पैकिंग का व्यवसाय है। उन्हें एक मोबाइल ऐप मिला जो आसान लोन देता था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने जून में ऐप इंस्टॉल किया और ₹1 करोड़ के लोन के लिए आवेदन किया। इसके बाद नितिनकुमार नाम के एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और बताया कि वह प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन लेने के योग्य हैं।

# नई दिल्ली : दिव्यांग सैन्य कैडेट्स के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त... पुनर्वास योजना पर केंद्र करे विचार



**नई दिल्ली** : सर्वोच्च न्यायालय ने सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग हुए ऑफिसर कैडेटों के सामने आ रही कठिनाइयों का स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को इस मुद्दे पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र और रक्षा बलों से उन कैडेटों के समक्ष आ रही कठिनाइयों पर जवाब मांगा, जिन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान विकलांगता के कारण सैन्य संस्थानों से चिकित्सा आधार पर छुट्टी दे दी गई थी।

बता दें कि न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न ा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि केंद्र को विभिन्न सैन्य संस्थानों में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को मृत्यु या विकलांगता की किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बीमा कवर देने की संभावना तलाशनी चाहिए।

# मुंबई : कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबंध लगाने के बाद... बीएमसी ने जनता से मांगा सुझाव

**मुंबई** : दो महीने पहले सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबंध लगाने के बाद पहली बार, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) आधिकारिक तौर पर मुंबईवासियों से इस मुद्दे पर उनकी राय मांग रहा है. नगर निकाय ने इस बारे में सुझाव और आपत्तियाँ आमंत्रित की हैं कि क्या दिन के निर्धारित समय पर नियंत्रित दाना डालने की अनुमति दी जानी चाहिए. जनता से सुझाव मांगने का समय सोमवार, 18 अगस्त से शुरू होकर शुक्रवार, 29 अगस्त तक खुला रहेगा.

पिछले हफ़्ते, याचिकाकताओं ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुरूप, प्रतिबंधित समय के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने की अनुमति मांगी थी. उच्च न्यायालय ने पहले नगर निगम के प्रतिबंध को चुनौती देने वाले याचिकाकताओं से कहा था कि अगर वे यह प्रथा जारी रखना चाहते हैं तो



बीएमसी से अनुमति लें. 12 अगस्त को, याचिकाकताओं ने नगर आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर तीन दाना डालने के समय की माँग की.

13 अगस्त को सुनवाई के दौरान, बीएमसी ने नियंत्रित दाना डालने का विकल्प सुझाया, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने उसे निवासियों से सुझाव मांगने का निर्देश दिया. दादर कबूतरखाना ट्रस्ट बोर्ड, यास्मीन भंसाली एंड कंपनी और पशु अधिकार कार्यकर्ता पल्लवी पाटिल द्वारा कबूतरखानों में दाना डालने की अनुमति के लिए आवेदन पहले ही प्रस्तुत किए जा चुके हैं. ये आवेदन अब बीएमसी की वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध हैं.

रविवार को, नगर निकाय ने एक सार्वजनिक अपील जारी की: ''नागरिकों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर अपलोड किए गए आवेदनों की समीक्षा करें और इस बारे में अपनी आपत्तियाँ या सुझाव भेजें कि क्या कबूतरों को नियंत्रित तरीके से दाना डाला जाना चाहिए... 18 अगस्त से 29 अगस्त, 2025 के बीच ईमेल आईडी [suggestions@mcgm.gov.in] पर.''

# धनंजय मुंडे के खिलाफ लोकायुक्त की पड़ताल, अंजलि दमानिया ने लगाए गंभीर आरोप

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के पूर्व कृषि मंत्री और एनसीपी (अजित पवार गुट) के विधायक धनंजय मुंडे की परेशानियां एक बार फिर बढ़ने वाली हैं। बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में उनके करीबी वाल्मिकी कराड़ की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मंत्री पद से हाथ धोना पड़ा था। अब उनके कृषि मंत्री रहते हुए लिए गए फैसलों पर राज्य के लोकायुक्त ने सुनवाई शुरू कर दी है। यह मामला पूर्व कअर और सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया की शिकायत पर दर्ज किया गया है।



अंजलि दमानिया का आरोप है कि कृषि मंत्री रहते हुए धनंजय मुंडे ने वस्तुओं की कीमतें बढ़ाकर खरीद प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं की थीं। साथ ही, उनकी पत्नी राजश्री धनंजय मुंडे जिन कंपनियों से जुड़ी हैं झ वेंकटेश्वर इंडस्ट्रियल और टर्टल लॉजिस्टिक्स झ उन्होंने परली थर्मल पावर प्लांट से राख उठाकर उसे खुले बाजार में बेच दिया। दमानिया का कहना है कि यह कदम न केवल पारदर्शिता के खिलाफ था, बल्कि लाभ के पद (डाॅ्री ङ्ग ढ१ङ्ग३) के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उन्होंने फरवरी माह में लोकायुक्त के समक्ष इस पूरे मामले से जुड़े सबूतों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। दमानिया का दावा है कि मंत्री रहते मुंडे ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाया और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया।

ऑनलाइन होगी सुनवाई

लोकायुक्त कार्यालय ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारियों और विभागों को भी सुनवाई में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। इनमें राज्य के मुख्य सचिव, कृषि विभाग के प्रधान सचिव, कृषि आयुक्त, राज्य विद्युत करघा निगम और कृषि उद्योग विकास निगम के प्रबंध निदेशक, साथ ही राज्य भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के महानिदेशक शामिल हैं।

# ठाणे : कूड़े के ढेर में नवजात बच्ची प्लास्टिक की बोरी में लिपटी हुई मिली..

**ठाणे** : बारवे गाँव में शिव मंदिर के पास कूड़े के ढेर में एक नवजात बच्ची प्लास्टिक की बोरी में लिपटी हुई मिली। बच्ची लगभग एक से दो दिन की बताई जा रही है। बच्ची को एक राहगीर ने देखा, जिसने इलाके से



गुजरते हुए उसे रोने की आवाज सुनी। उसने तुरंत खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद, पुलिस ने रुख्मिणी बाई अस्पताल से संपर्क किया।

अस्पताल के डॉ. समीर सर्वणकर ने कहा, ''हमें पुलिस से सूचना मिली कि कूड़े में एक नवजात बच्ची मिली है। मौके पर एक एम्बुलेंस भेजी गई और बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। उसका वजन लगभग 2 किलोग्राम है और अनुमान है कि वह लगभग एक या दो दिन की होगी। उसकी हालत स्थिर है। उसे आगे की देखभाल के लिए वसंत वैली अस्पताल रेफर कर दिया गया है।''

# कैब ड्राइवर की हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार...

**मुंबई** : मालवानी के दो लोगों को शनिवार शाम एक 25 वर्षीय कैब ड्राइवर की कथित तौर पर हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी मृतक के सहकर्मी थे और उन्होंने कार में ईंधन भरने को लेकर हुए विवाद में उसकी हत्या कर दी, जबकि मृतक के चाचा ने दावा किया कि जब उन्होंने कैब मालिक और आरोपियों के बीच झगड़े में हस्तक्षेप किया, तो उन्हें चाकू मार दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वे पार्किंग माफिया के सदस्य थे। पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार





शाम 7:00 बजे हुई जब कांदिवली पश्चिम का रहने वाला कैब ड्राइवर साहिल गुज्जर अपनी शिफ्ट के बाद

मालवानी स्थित एक पार्किंग स्थल पर लौटा और गाड़ी निर्धारित पार्किंग में खड़ी कर दी। मालवानी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर ने बताया, ''अगली शिफ्ट के ड्राइवर फारूक शेख को गाड़ी सौंपते समय बहस छिड़ गई। बहस तब शुरू हुई जब फारूक शेख और उसके साथी अवेज शेख ने देखा कि गाड़ी में पेट्रोल नहीं है और उन्होंने गुज्जर से जाने से पहले पेट्रोल भरवाने को कहा। जब गुज्जर ने यह कहते हुए मना कर दिया कि पेट्रोल भरवाना उसकी ज़िम्मेदारी नहीं है, तो दोनों भड़क गए और उसे गालियाँ देने लगे।'' उन्होंने बताया कि झगड़ा जल्द ही हिंसक हो गया जब उनमें से एक ने गुस्से में आकर चाकू निकाल लिया और गुज्जर पर वार कर दिया।

# मुंबई : युवती हिस्ट्रीशीटर ने लोहे की रॉड से किया हमला... फरार आरोपी की तलाश जारी

**मुंबई** : दोस्त के घर से घर लौट रही 23 वर्षीय युवती पर पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज एक हिस्ट्रीशीटर ने लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला कर दिया, जिसे मुंबई से भगा दिया गया था। यह घटना चेंबूर इलाके में हुई। युवती के सिर में गंभीर चोटें आईं हैं और उसका सायन अस्पताल में इलाज चल रहा है। चेंबूर पुलिस ने आरोपी सुमित उर्फ पिंट्या संघरक्षक सोरते (32) के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। वह हमले के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया था और उसकी तलाश जारी है।



पुलिस के अनुसार, सिद्धार्थ कॉलोनी निवासी सोरते पुलिस रिकॉर्ड में एक कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ चेंबूर, चूनाभट्टी और नेहरू नगर पुलिस थानों में मारपीट, गंभीर चोट पहुँचाना, जान से मारने की धमकी, अपहरण, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, चोरी और सेंधमारी जैसे 11 से ज्यादा गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने इनमें से ज्यादातर मामलों में उसे गिरफ्तार किया है और वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। पुलिस ने उसके खिलाफ निवारक कार्रवाई की थी और जून 2025 में उसे मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई से दो साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। इसके बावजूद, उसने अवैध रूप से मुंबई में प्रवेश किया और युवती पर क्रूर हमला किया, जिसका खुलासा अब हुआ है।

संपर्क कार्याल : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com